# समग्र शिक्षा के लिए मिले 688 .44 करोड़

## पहला राज्य जिसे चौथी किस्त भी जारी की गई

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा मप्र को समग्र शिक्षा की चौथी और अंतिम किस्त भी जारी कर दी गई है. देश के बड़े राज्यों में मध्यप्रदेश पहला राज्य है जिसे इस केंद्रीय योजना की चौथी किस्त जारी की गई है. चौथी किस्त में 688.44 करोड़ रुपए की राशि मिली है.**



इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विभागीय सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि, यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्कूली शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता और निरन्तर किए जा रहे संवेदनशील प्रयासों को दर्शाती है. स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में पूरी लगन और तत्परता से कार्य कर रही है. हमने प्रदेश में विद्यार्थी हित की समस्त योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है. शासन का निरन्तर प्रयास रहता है कि स्कूली शिक्षा की बेहतरी के लिए कहीं भी धन की कमी नही आने दी जाए.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इस वर्ष हम शैक्षणिक सत्र के आरंभ से ही नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, लैपटॉप वितरण, साइकिल वितरण, स्कूटी वितरण आदि के साथ विभिन्न छात्रवृतियों, गणवेश, शिष्यवृतियों और स्टॉयपेंड आदि विद्यार्थी हित की योजनाओं का लाभ उन तक पहुचाने में सफल रहे हैं.

भारत सरकार के द्वारा समग्र शिक्षा की चौथी किस्त में मप्र को 688 .44 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं. समग्र शिक्षा योजना देश भर में केंद्र और राज्य सरकारों के मिश्रित बजट से संचालित की जाती है. जिसमें 60 प्रतिशत राशि की अंश निधि केन्द्र सरकार की एवं 40 प्रतिशत राज्य सरकार की होती है. समग्र शिक्षा योजना में भारत सरकार के द्वारा स्वीकृत वार्षिक बजट को त्रैमासिक रूप से प्रदान किया जाता है. राज्य सरकार के द्वारा स्वयं की 40 प्रतिशत अंश निधि जारी करने एवं पिछली किश्त की कुल राशि का न्यूनतम 75 प्रतिशत व्यय करने के बाद ही केन्द्र सरकार के द्वारा अगली किश्त प्रदान की जाती है.

## आनंद के आयाम विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**भोपाल, 19 मार्च.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के अवसर पर आयोजित आनंद के आयाम विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगे. संगोष्ठी स्वर्ण जयंती सभागार, आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी में 20 मार्च को सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी.इसमें हार्टफुलनेस संस्थान, हैदराबाद के कमलेश डी. पटेल दाजी मुख्य संबोधन देंगे. संगोष्ठी में आनंद और प्रसन्नता के विविध आयामों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा. संगोष्ठी में 'आनंद' के विषय-विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधकर्ता, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल होंगे.

# देश का नाम रोशन करें युवा : नरेंद्र तोमर

## दो दिवसीय भारत युवा संसद कार्यक्रम का उद्घाटन

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. विधान सभा के मानसरोवर सभागार में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 के दो दिवसीय कार्यक्रम का गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्रसिंह तोमर ने उद्घाटन किया. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना और मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहा है.**

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में संपूर्ण मध्य प्रदेश के महाविद्यालयीन छात्र प्रतिभागी के रूप में भाग ले रहे हैं. कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत सरकार लगातार आज अपने देश की आधी से अधिक युवा आबादी के लिए समय-समय अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है, जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार इस बात पर काम हो रहा है कि हमारी युवा आवादी का भविष्य उज्जवल हो. हर क्षेत्र में हमारे नौजवान उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करें और देश का नाम रोशन करें.





# 30 मिनट का ध्यान 'मानसिक कवच' का करता है काम

▸ पुलिस ने देवास में ध्यान सत्र का किया आयोजन

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और जनसेवा में संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस ने 19 मार्च को देवास के औद्योगिक क्षेत्र थाने में विशेष ध्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया.**

यह कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और पुलिस महानिरीक्षक रुचि वर्धन मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के नेतृत्व में आयोजित हुआ. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु कमलेश डी. पटेल की उपस्थिति रही, जिन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ संवाद करते हुए ध्यान सत्र का संचालन किया. उन्होंने तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित करने के व्यावहारिक उपाय बताए. उन्होंने कहा कि हर रविवार 30 मिनट का ध्यान पूरे सप्ताह की चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के लिए 'मानसिक कवच' का काम करता है.

यह पहल वर्ष 2025 में हार्टफुलनेस संस्थान के साथ हुए समझौते के तहत शुरू की गई, जिसके अंतर्गत सभी थानों में नियमित सत्र आयोजित किए जा रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान पौधारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और आंतरिक शांति का प्रतीक है.

# पार्षदों ने सुपरवाइजर के चेहरे पर पोती कालिख

▸ अमृत योजना 2 साल से अधूरी होने पर फूटा गुस्सा

**बैरसिया, 19 मार्च. नगर पालिका की शहरी अमृत 2.0 जल प्रदाय योजना दो साल बाद भी अधूरी पड़ी है. यह योजना शमशाबाद डेम से बैरसिया शहर तक पाइपलाइन बिछा हर घर तक पानी पहुंचाने के उद्देश्य से 13 सितंबर 2023 को शुरू की गई थी.**

करीब 22 करोड़ रुपए की इस योजना ये जहां लोगों को राहत देने का वादा किया था, वहीं अब यह योजना नगरवासियों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बन गई है. योजना के ठेकेदार दंडोतिया कंस्ट्रक्शन, मुरैना द्वारा नगर की वार्डो की सड़कों और गलियों में जगह-जगह खुदाई कर पाइप लाइन डाली गई, लेकिन काम अधूरा छोड़ दिया गया.पूरे नगर की वार्डो में उखड़ी सड़कें और खुले गड्ढे अब हादसों को न्योता दे रहे हैं.आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं, जिससे आम जनता में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है.इसी बढ़ते जनाक्रोश के बीच मंगलवार को नगर पालिका परिषद में पार्षद प्रतिनिधि रवि करोसिया सहित अन्य पार्षदों ने ठेकेदार के सुपरवाइजर के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया.आक्रोशित पार्षदों ने काम में लापरवाही को लेकर सुपरवाइजर के चेहरे पर कालिख पोतकर अपना विरोध जताया.



**इनका कहना है**

22 करोड़ की शहरी अमृत 2 .0 योजना में पाइप लाइन बिछाने के अधूरे काम को लेकर पार्षदों का गुस्सा फूटा है .ठेकेदार नोटिसों के बाद भी काम में रुचि नहीं दिखा रहा था.

**राजेन्द्र सक्सेना,** नपा सीएमओ, बैरसिया

# समय पर नहीं खुलते डाकघर कई गांवों के लोग हो रहे परेशान

**बैरसिया, 19 मार्च. भारत सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सेवा की सुचारू व्यवस्था को लेकर गंभीर है. गांव-गांव में शाखा डाकघर खोल रही है, लेकिन ये शाखा डाकघर समय पर नहीं खुलते जिससे जनता परेशान होती है.**

डाक सेवा की इस लचर व्यवस्था की निगरानी के जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण नहीं करते, यही कारण है कि डाकघरों में ताले लटके नजर आ रहे हैं. अमरपुर , चंदपुरा , बीलखो , रुनाहा , कोलूखेड़ी , खाताखेड़ी , गनाखेड़ी , गढा ब्रहामण , धनोरा , हरिपुर , ढोकापुर , बेरखेड़ी ,खंडारिया आदि गांव के लोगों ने इसकी शिकायत भी एसडीएम से की है. ग्रामीणों का कहना है कि शाखा डाकघरों में पदस्थ बीपीएम अधिकांश समय नदारत रहते हैं. डाकघरों में ताले लटके देख लोगों इस संबंध में नजीराबाद डाकघर के उप डाकपाल से बात की तो उन्होंने बताया कि जब कोई लिखित या मौखिक शिकायत प्राप्त होती है.हम उसकी जांच कर समाधान करने की कोशिश करते हैं.एसडीआईपी अविनाश सुंदरे से दूरभाष पर बात करना चाही तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया.

# शिक्षा टेंडरों पर नायक ने उठाए गंभीर सवाल

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च.** कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने स्कूल शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वर्ष 2023 से 2025 के बीच जारी टेंडरों में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए. पत्रकार वार्ता में नायक ने कहा कि मामला केवल पुराने टेंडरों तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्तमान में जारी प्रक्रियाओं में भी ऐसी गड़बड़ियों की पुनरावृत्ति की आशंका है. कांग्रेस ने सरकार को सचेत करने और संभावित भ्रष्टाचार रोकने के उद्देश्य से यह मुद्दा उठाया है. उन्होंने नर्मदा वैली डेवलपमेंट अथॉरिटी का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि फर्जी बैंक गारंटी और अनियमितताओं से जुड़े पहले के मामलों में जवाब नहीं मिला है. 2023 के टेंडर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि तत्कालीन आईएएस अधिकारी वीणा राणा के कार्यकाल में 3,500 कंप्यूटर, यूपीएस और प्रिंटर की खरीदी की लागत 40 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 90 करोड़ रुपये हो गई.

# शिक्षकों ने पात्रता परीक्षा के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**बैरसिया, 19 मार्च. लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 25 से 30 साल से सेवा दे रहे प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों के लिए पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य करने के आदेश से शिक्षकों में रोष है.**

इस आदेश के विरोध में गुरुवार को मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षक सड़कों पर उतर आए. तहसील अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षकों ने रेस्ट हाउस पहुंचकर विधायक विष्णु खत्री को ज्ञापन सौंपा, फिर तहसील कार्यालय में एसडीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा. शिक्षकों का कहना है कि 2 मार्च को जारी आदेश में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का हवाला दिया गया है,



**विधायक ने कहा-सीएम तक पहुंचाएंगे मांगें**

जबकि उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों ने इस विषय पर पुनर्विचार याचिका दायर कर दी है. ऐसे में प्रदेश के शिक्षकों ने भी सरकार से मांग की है कि वह जल्द ही इस आदेश पर पुनर्विचार के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाए. शिक्षक संघ के तहसील अध्यक्ष दिनेश शुक्ला ने कहा कि दशकों की सेवा के बाद इस तरह की परीक्षा शिक्षकों पर थोपना न केवल अन्यायपूर्ण है. विधायक विष्णु खत्री ने शिक्षकों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों को शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा. इस मौके पर नगर अध्यक्ष बिंदू श्रीवास्तव, संतोष जैन, बिजेंद्र यादव, इंदरसिंह चौहान, शिवनारायण पाल आदि मौजूद रहे.

## डायल-112 टीम ने बिछड़ी बालिका को परिवार से मिलाया

**भोपाल, 19 मार्च.** डायल-112 पुलिस कर्मियों की तत्परता और संवेदनशीलता से रायसेन जिले में एक 8 वर्षीय मानसिक रूप से अस्वस्थ बालिका को उसके परिवार से सुरक्षित मिलाया गया. अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल-112 कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि थाना मंडीदीप क्षेत्र की आकांक्षा कॉलोनी में एक बालिका अकेली मिली है. सूचना मिलते ही तत्काल डायल-112 एफआरवी वाहन को मौके पर भेजा गया. घटनास्थल पर पहुंचकर प्रधान आरक्षक महेश कुमार टेकाम एवं पायलट सौरभ ने बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया.


## कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मंडल नर्मदापुरम

ऑफिस ई-मेल आईडी seresnarmda@mp.gov.in, ऑफिस फोन नं.- 07574-250166

क्रमांक 510/निविदा/ग्रा.यां.से./2026 नर्मदापुरम, दिनांक 11/3/2026

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 17/2025-26 (द्वितीय आमंत्रण)**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ऑनलाइन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदाएं फार्म 'ए' (Appendix 2.10) पर ग्रायांसे संभाग नर्मदापुरम जिला नर्मदापुरम की म.प्र. लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/ सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सी श्रेणी ठेकेदारों से 3 कवर पद्धति में सिविल कार्य हेतु ग्रायांसे में प्रचलित एसओआर दिनांक 11/4/2022 से प्रभावशील दर अनुसूची एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु लो.नि.वि. के विद्युत एसओआर दिनांक 1/1/2024 से प्रचलित दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर के आधार पर अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मंडल नर्मदापुरम के कार्यालय में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं.

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रुपए में) | अमानत राशि (रुपए में) | कार्य अवधि वर्षाकाल सहित (माह में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_RES _489440 | जनपद पंचायत बनखेड़ी के ग्राम चिल्लोद से टेकापार की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य, जनपद पंचायत बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम | 1,62,56,548.00 | 163000.00 | 12 माह | 12500.00 |
| | | योग | 1,62,56,548.00 | शब्दों में :- एक करोड़ बांसठ लाख छप्पन हजार पांच सौ अड़तालीस रुपए मात्र | | |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रण की निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :-

| क्र. | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा ऑनलाइन प्रकाशित होने की तिथि | 23/3/2026 | 18.00 |
| 2. | निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | 23/3/2026 | 18.00 |
| 3. | ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 23/3/2026 | 18.00 |
| 4. | ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 6/4/2026 | 13.00 |
| 5. | ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि | 7/4/2026 | 13.00 |

निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेट) वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित एवं डाउनलोड किए जा सकेंगे. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किए जाएंगे. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा.

G27679/25

अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नर्मदापुरम मंडल नर्मदापुरम

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, भोपाल म.प्र.

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 05/सेतु / 2026/का.यं. भोपाल, दिनांक 10/3/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेंडर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026 _PWDRB _488827_1 | नर्मदापुरम | पुल कार्य | नर्मदापुरम जिले में सेमरी में सांगाखेड़ा मार्ग के कि.मी. 6/2 में नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य | द्वितीय | 444.14 | मूल एफडीआर का भुगतान ऑनलाइन होगा तथा समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने होंगे. |
| 2. | 2026_ PWDRB _488839_1 | नर्मदापुरम | पुल कार्य | नर्मदापुरम जिले में बाबई से नसीराबाद ढाना मार्ग के कि.मी. 13/2 पर बाकुड नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य | द्वितीय | 445.01 | मूल एफडीआर का भुगतान ऑनलाइन होगा तथा समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने होंगे. |
| 3. | 2026_ PWDRB_ 489003_1 | सीहोर | पुल कार्य | सीहोर जिले के ग्राम लाडकुई तहसील भैरूंदा जिला सीहोर में टीकामोड और सुनेड नदी पर जलमग्नीय पुल का निर्माण कार्य. | द्वितीय | 491.30 | मूल एफडीआर का भुगतान ऑनलाइन होगा तथा समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने होंगे. |
| | | | | कुल योग | | 1380.45 | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा. निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 30/3/2026 (17.30 बजे) निर्धारित है. विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकेगी. निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा. पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा. मूल एफडीआर का भुगतान केवल ऑनलाइन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे. भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किए जाएंगे.

कार्यपालन यंत्री

G27669/25

लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, भोपाल (म.प्र.)


# परिजनों को 1 करोड़ की बीमा सहायता

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 19 मार्च. मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित वेलफेयर योजनाएं कठिन परिस्थितियों में पुलिसकर्मियों के परिवारों के लिए मजबूत सहारा बनकर उभर रही हैं. आकस्मिक मृत्यु के मामलों में परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है.**

भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत बड़वानी और मुरैना में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई. बड़वानी में दिवंगत आरक्षक जयेश वर्मा की दुर्घटना में मृत्यु के बाद उनके परिजनों को यह सहायता दी गई. पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने चेक सौंपा.

इसी प्रकार मुरैना में दिवंगत आरक्षक प्रद्युम्न दीक्षित और अनिल कौरव के परिजनों को भी एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई. इस दौरान पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने चेक वितरित किए. इस योजना के अंतर्गत आकस्मिक मृत्यु बीमा, सस्ती ब्याज दर पर होम लोन सहित कई वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जो पुलिस परिवारों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती हैं.



# युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

▸ रातीबड़ पुलिस कर रही है जांच

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 19 मार्च. रातीबड़ थाना क्षेत्र में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली. मौके पर पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ. मर्ग कायम कर रातीबड़ थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के मुताबिक 23 वर्षीय जयदीप यादव सिकंदराबाद रातीबड़ में किराए के मकान में रहता था. एक निजी स्कूल की वैन का वह ड्राइवर था. जयदीप बीते कुछ दिन पहले रातीबड़ के जगन्नाथपुरी में एक किराए का कमरा लेकर रह रहा था. जयदीप के इस पते की जानकारी सिकंदराबाद में रहने वाले उसके परिजनों को भी नहीं थी. बुधवार को परिजन जब जयदीप को खोजते हुए जगन्नाथपुरी स्थित उसके कमरे में पहुंचे तो वहां जयदीप अचेत अवस्था में पड़ा मिला. उसे तुरंत ही इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जयदीप को मृत घोषित कर दिया.

# प्रदेश में आंधी-बारिश के साथ ओलों का अलर्ट



**भोपाल, 19 मार्च. मध्यप्रदेश में गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ले ली है. प्रदेश में एक्टिव मौसम सिस्टम के चलते अगले तीन दिनों तक आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का असर देखने को मिलेगा.**

मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, ग्वालियर सहित 30 से ज्यादा जिलों में अलर्ट जारी किया है, जबकि सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में ओले गिरने की संभावना जताई गई है. दरअसल, प्रदेश में दो ट्रफ लाइन और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय हैं, जिसके कारण मौसम में यह बड़ा बदलाव आया है.


